(श्री अटल बिहारी बाजपेयी)

है। आप ने सदन की भावना देखी कि हम लोग अधिक से अधिक समय चाहते हैं। मंत्रालयों की माँगों के ऊपर चर्चा के लिए समय निकल सकता है अगर आप भोजन की छुट्टी समाप्त कर दें और शनिवार को भी सदन बैठना आरम्भ कर दें। समय निकाला जा सकता है और इस बारे में आप सदन की राय ले लीजिए।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : किसी भी मिनिस्ट्री की बजट डिमांड गिलोटिन नहीं होनी चाहिए। सब पर सदन में विचार होना चाहिए।

SHRI G. VISWANATHAN (Wandiwash): Sir, we do not have Members present in the House to discuss the demands. There are hardly twenty Members present in the House.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, we are prepared to sit upto 7 'O' clock. I can assure you that on behalf of my party I am prepared to sit here upto 7 'O' clock unless of course I leave Delhi on some business. Further longer hours will definitely affect our efficiency. This has already affected our efficiency. Unless we do away with the lunch hour and work on Saturdays also, the work would not be completed. Otherwise, it may be decided to have two shifts—day and night shifts.

अध्यक्ष महोदय : कल बिजनेस ऐडवाइजरी कमेटी द्वारा यह लँच औवर को सस्पेंड करने की बात नहीं मानी गई थी। हम उसका कोई और हल सोचेंगे, किसी शनिवार को ले लेगें या फिर शाम को थोड़ा और अधिक तक बैठ जायेंगे। अब बिजनेस ऐडवाइजरी कमेटी दुबारा इस पर निर्णय कर सकती है। अभी तक तो वह यह भोजन की बीच की छुट्टी खत्म करने के लिए मानी नहीं है। अब आप लोग वहाँ तो कहते नहीं हैं यहाँ हाउस में कहते हैं तो उससे फायदा क्या है।

The question is:

"That this House do agree with the Fortyeighth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 14th April, 1970."

The motion was adopted.

SHRI RAGHU RAMAIAH: May I make one submission? Since the Business Advisory Committee and the House have agreed to take up the Bill on the 23rd, the House may sit to consider this Bill from 6 P.M. to 8 P.M. on the 23rd.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): What is to be taken up on the 23rd.

MR. SPEAKER: A Bill about Bengal will be taken up.

श्री जी० वेंकट स्वामी (सिद्दिपेट) : अध्यक्ष महोदय, में आप के नोटिस में एक मामला लाना चाहता हूँ। करीब 40 रोज से हैदराबाद में सिंथैटिक ड्रग्स फैक्टरी में हड़ताल चल रही है। यह फैक्टरी हमारे पब्लिक सैक्टर में है और यह बड़ी चिन्ता का विषय है कि वहाँ इस फैक्टरी में पिछले 40 रोज से हड़ताल चल रही है और मिनिस्टर महोदय इस के ऊपर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मैंने एक कौलिंग अटैंशन नोटिस भी दिया हुआ है। यह पबलिक सैक्टर की अंडरटेकिंग है और इस तरह से वहाँ पर 40 रोज से हड़ताल चल रही है। कम से कम अध्यक्ष महोदय, आप अवश्य इस बारे में मंत्री महोदय का ध्यान दिलाइये...

MR. SPEAKER: I do not allow you. Please sit down.

SHRI S. KUNDU (Balasore): This is a serious matter. Thousands of workers are on strike.

Mr. SPEAKER: There are other ways of discussing it. Do not come here at any time to raise it abruptly.

12.35 hrs.

DEMANDS* FOR GRANTS, 1970-71—*contd.*

MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS—(*contd.*)

श्री मृत्युंजय प्रसाद (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं परसों कम्पनी ला में हेर फेर की बात कर रहा था। एक दूसरा उस में संशोधन हुआ है और वह यह कम्पनीज के लिए किसी भी पोलिटिकल पार्टी को चन्दा देना अब गुनाह करार दिया गया है। मेरे सामने एक

*Moved with the recommendation of the President.

जबरदस्त नमूना है । यह एक किताब है जो कि तथाकथित कांग्रेस सेशन जो बम्बई में किया गया था पिछले दिसम्बर में उसकी यह सौवनौर कही जाती है । उसमें लिखा हुआ है कि ऐडवर-टिजमेंट के लिए 2500 रुपये फी पन्ना चार्जेज है। मगर मेरी खबर यह है कि 2500 रुपये से बेशी बहुतों ने दिया है और उनसे इस से बेशी लिया गया है । अब 2500 से एक रुपया भी ज्यादा लिया गया है हालांकि खबर तो यह है कि 20 गुना तक ज्यादा उन से लिया गया है। तो वह फाजिल रुपया चन्दा हो गया। क्योंकि वह शैडयूल्ड रेट से ज्यादा हो गया । अब इसका पता लगा कर बतलायें कि किस कम्पनी से कितना बेशी लिया है ?

दूसरी बात यह है कि अगर आप कहें कि यह चन्दा नहीं है बल्कि यह ऐडवरटिजमेंट है तो इसमें करीब 15 मामले ऐसे हैं जो कि ऐडवर-टिजमेंट किसी कायदे से कहे नहीं जा सकते हैं। मैं नहीं समझ सकता कि आप उन्हें ऐडवर-टिजमेन्ट किस कायदे से कह सकते हैं? उस में लिखा है : "विद दी बेस्ट कम्प्लीमेंटस फ्रौम ए वैलविशर ।" अब जब वैलविशर का नाम ही नहीं मालूम तो विज्ञापन क्या हुआ और उस का पैसा काहे को दिया गया ? अगर वह पैसा दिया गया तो यह चंदा नहीं है तो फिर और क्या है ? अब यह पता लगाना आप का काम है बशर्ते कि सरकार लगाना चाहे । अगर जरूरत पड़ेगी तो हम लोग भी मदद करेंगे बशर्ते कि आप पता लगाने को राजी हो जाँय। अस-लियत यह है कि वह चन्दा नहीं है बल्कि वह ऐक्सट्रैक्शन है। वह एक तरह से चौथ है जो कि मराठे वसूल किया करते थे । यह भी मराठों की नगरी बम्बई में उन्हीं की चौथ के समान है। इस चीज के बारे में आप को इनक्वायरी करनी होगी नहीं तो बतलायें कि यह लिया कैसे ?

दूसरी बात यह है कि आप की मिनिस्टरी में इंटरनल ट्रेड भी है । इंटरनल ट्रेड में आप ने क्या किया ? दो नमूने मैं बतलाऊंगा । ज्यादा बतलाने के लिए मेरे पास समय नहीं है । एक तो अचानक एक दूसरे जरिये से मुझे यह चीज मिल गई और वह सेन्ट्रल गवर्नमेंट की आडिट रिपोर्ट डिफैंस सर्विसेज की है । मैं डिफैंस मिनि-स्टरी की कंसल्टेटिव कमेटी की मीटिंग में भाग लेने जा रहा था और वह रिपोर्ट मैंने पढ़ी । उस आडिट रिपोर्ट में देखने से यह पता चलता है कि मैसर्ज इन्डियन कौपर कारपोरेशन से 4300 टन एलैक्ट्रोलिटिक कौपर लिया गया 27 फरवरी, 1967 को उसका रेट 7400 रुपया फी टन तय पाया गया था मगर उसके थोड़े हीं दिनों बाद जब कि वर्ल्ड मारकेट रेट में करीब 8370 रुपया फी टन था आप के यहां दूसरा आर्डर दिया गया डाइरेक्टर जनरल आफ सिविल सप्लाईज की ओर से मिनिरल एंड मैटल्स ट्रेनिंग कारपोरेशन के यहां अप्रैल, मई, 1967 में सिर्फ 12100 रुपये फी टन की दरसे 3159 टन का जब कि बाजार हिन्दुस्तान का रहा 7400 फी टन और वर्ल्ड मार्केट में रहा 8370 फी टन का । आप के यहाँ रहा 12100 और वह भी 92 रुपया फी टन घाटे पर। यह रहा आप का इंतजाम ।

दूसरा इंतजाम जो मुझे मालूम हुआ है उसका भी एक नमूना मैं दे रहा हूँ। नमूने से मेरे पास अधिक समय बतलाने को है भी नहीं। 19 दिसम्बर तक आप बहुत जोरों से कहते रहे कि सीमेंट की कमी देश में नहीं है इसलिए वह पहली जनवरी से डिकंट्रोलकर दिया जायेगा लेकिन 22 दिसम्बर को आपने कह दिया कि वह डिकंट्रोल नहीं होगा और सीमेंट पर कंट्रोल चालू रहेगा। 22 दिसम्बर से आज लगभग 4 महीने हो गये लेकिन अभी तक कोई कारण नहीं बताया गया कि आप की पालिसी क्यों बदली और कैसे बदली। अब इसके पीछे क्या गूढ़ रहस्य है यह राजनीति को समझने वाले समझ सकते हैं। वह चंदा व्यक्ति का है बाकी इंडस्ट्रीज का तो है ही। मगर यह चंदा एक और भी है जिसकी कि वजह से यह गवर्नमेंट बची है। डी एम के को राजी करने का प्रयत्न हैं क्योंकि उसके फायदे की बात और मद्रास के फायदे की बात है। सीमेंट इतनी भारी चीज है कि उसे दूर नहीं ले जाया जा सक ताहै। उसकी बिक्री उसके आस-

(श्री मृत्युंजय प्रसाद)

पास में होती है और दूर के नाम पर जो थोड़ा सा माल भाड़ा उसके ऊपर अधिक पड़ता है अर्थात् उसके ऊपर जो बेशी माल भाड़ा लगता है उससे नाम पर सभी सीमेंट का दाम बढ़ने का बहाना मिल गया इससे उत्तर की अपेक्षा मद्रास की मिलों को सीमेंट के ज्यादा दाम मिलते हैं। अब किसका क्या हिस्सा है यह मैं कैसे कह सकता हूँ?

यह मैंने इंटरनल ट्रेड के बारे में एक, दो नमूने बतलाये। अब मैं आ रहा हूँ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के ऊपर। मैं उन लोगों में से हूँ जिनको सरकारी तथा निजी दोनों क्षेत्रों में जिम्मेवारी के पद पर काम करने का काफी अच्छा अनुभव रहा है और मेरा दावा है कि वैसा अनुभव बहुत कम आदमियों को होगा। भीतर से रिस्पौंसिविल पोस्ट पर रह करके, पब्लिक और प्राइवेट सैक्टर, इन दोनों का अनुभव बहुत कम आदमियों को होता है। एक का अनुभव तो हो सकता है चाहे इसका या उसका। मैं इस हिसाब से आप से कह रहा हूँ कि पब्लिक सेक्टर में जो काम आप ने किये हैं वह बुरे नहीं हैं, बहुत अच्छी नीयत से काम शुरू किए गये हैं, मगर हालत वही है जैसी कहावत है कि अनाड़ी के हाथ में माल पड़ जाय तो उसकी दुर्गति हो जाती है, जैसे कि बनाने चले गणेश की मूर्ति, लेकिन बन गया कुछ और क्योंकि बनाना आता नहीं है। और इसके नमूने एक नहीं हजारों हैं।

अभी दिसम्बर में प्रधान मंत्री ने प्रो० घर और मि० चोपड़ा को इंटरव्यू दिया था। वह छपी है आप के "लोक उद्योग" में। उसमें उन्होंने बहुत समझाया और तीन कारण बतलाये खास तौर पर कि हम क्यों पब्लिक सेक्टर में घाटे की परवाह नहीं करते। एक तो यह चीज इसलिए बनाई गई कि उसको दूसरे करने को राजी नहीं हैं, दूसरी बात यह कि इससे हम सोशल प्राफिट्स पाते है और तीसरी बात यह है कि हम रीजनल इम्बैलेंस कम करते हैं। मैं तीनों के बारे में कहूँगा कि आप की आज हालत यह है कि जो आप के सेक्रेट्री बनाकर रख देते हैं, लिखकर देते हैं, उसको आप तोते की तरह पढ़ देते हैं। खुद तो समझते बहुत कम हैं, और उसकी वजह है—क्षमा कीजिए मुझे सख्त शब्द इस्तेमाल करने पड़ रहे हैं—मिडियोकर मिनिस्टर और ब्रिलिएंट सेक्रेट्री हों तो इसके सिवा और होगा क्या। अब मैं इस पर आ रहा हूँ कि मैं क्यों ऐसा कह रहा हूँ।

यहाँ उदाहरण रक्खा गया हैं आयरन का, लेकिन हमारी प्रधान मंत्री भूल जाती है, मंत्री महोदय भूल जाते हैं कि यहाँ स्टील फैक्ट्री पहले पहल शुरू हुई 19 वीं शताब्दी में, 20 वीं शताब्दी में नहीं। उसके बाद टाटा ने खोला टिस्को (TISCO) उसके बाद खुला आई एस सी ओ, फिर भद्रावती। इन सबकी हालत यह है कि पिछली लड़ाई के समय 1942-43 के लगभग बहुत ही सस्ता दाम था स्टील का और क्वालिटी भी अच्छी थी। आज क्या हालत है? उस समय टाटा ने कहा एक्सपैंड करने के लिए लेकिन आप ने एक्सपैन्शन को रोक दिया, इस ग्राउंड पर कि तुम्हारे पास जो पैसा आता है वह तुम उसमें प्लाऊ डाउन नहीं कर सकते, वह तुमको शेअरहोल्डर्स में बाँटना होगा। नतीजा यह हुआ कि दाम बढ़ते रहे शेअर्स के और उसको शेअरहोल्डर्स में बंटवा दिया गया। उन्हें एक्सपैंड करने में बाहर का कैपिटल नहीं लग सका। नतीजा यह हुआ कि जिस वक्त सस्ते में एक्सपैंशन हो सकता था, वह नहीं कर पाये और आप ने मंहगे में किया। आज जो आप कर रहे हैं अगर उसकी कथा कही जाय तो हिन्दुस्तान स्टील लाभ की चीज नहीं है लेकिन उसमें कई करोड़ डूब चुके हैं। उसमें शेअर कैपिटल है 552 करोड़ और 162 करोड़ आप ने डुबा दिया। फिर भी हालत जो है वही चलेगी। वह सुधरने वाली नहीं है। फिर भी हर साल आप अपने कारखाने के घाटे को कम करने के लिए इस्पात का दाम बढ़ाते जाते हैं और उस बढ़ती का लाभ

मिलता है टाटा और दूसरी निजी क्षेत्र की कंपनियों को, उनके हिस्सेदारों को और मारे जाते हैं गरीब करदाता तथा खरीदार । यही सोशल प्राफिट है।

इसके साथ साथ आपने बोकारो शुरू किया। उसमें आप ने कई सौ करोड़ रुपये लगाये और कई सौ करोड़ और लगाइयेगा। उस बोकरो की आज क्या हालत है ? उसकी हालत आज यह है कि हैवी इंजीनियरिंग की कृपा से और हैवी प्लेट्स की कृपा से कहा जाता है कि 25 लाख रोज का घाटा होता है और कोई कहता है कि 1 करोड़ रु० का घाटा होता है, कोई कहता है कि अब तक 105 करोड़ का घाटा हो गया है और बढ़ता जायेगा। इसलिए इसमें देर हो रही है।

इधर हेवी इंजीनिअरिंग तो आप की चीज है, उस के रोने की कौन सी बात की जाय ? 100 करोड़ की पूंजी में 41 करोड़ घाटे में स्वाहा हो चुके । इन सब के पीछे क्या कारण हैं ? अनाड़ीपन है या और कुछ है ? मैं इस अनाड़ी पन के दो-एक उदाहरण आप के सामने रक्खूंगा। पहली चीज यह है कि आपने योजना बनाने में कभी यह नहीं सोचा कि वह योजना किस के लिए बना रहे हैं इस चीज की बिक्री होगी या नहीं होगी। मिनिस्ट्री का रोना है कि हम को नई फैक्ट्री बनानी है, उधर मोटर वालों का रोना है कि उनको इस क्वालिटी की चादरें नहीं मिलतीं जिससे वह गाड़ियों की बौडी बना सकें। इसलिए ये चादरें जापान से मंगाई जाती हैं। आज छोटी से छोटी चीज बाहर से इम्पोर्ट की जाती है जैसे सेफ्टी ब्लेड बनाने वाला स्टील, रेजर ब्लेड बनाने वाला स्टील । ऐडवर्टाइजमेंट निकलता है कि हम इम्पोर्टेड स्टील से बनाते हैं, जैसे कि हिन्दुस्तान में अक्ल ही नहीं कि वह हजामत की पत्ती के लिए अच्छा इस्पात बना सके। दूसरी तरफ हालत यह है कि आपकी कपैसिटी युटिलाइज नहीं होती है । आप ने आसमान तक उसको बढ़ा दिया और पूरी कपैसिटी आप की युटिलाइज नहीं होती । क्यों नहीं होती, यह आप से कौन पूछे ? वजह यह है कि यहां पब्लिक का पैसा लगा दिया जाता है और वहां आप ने बिठला दिया है आई सी एस को या वैसे पालिटी-शियन को जिनके लिए दूसरी कोई जगह नहीं है जो इलेक्शन बार-बार हारे हुए हैं। उनसे बचे तो आप किसी दूसरे को दीजिये। नतीजा यह है कि जैसा वह आप को समझाते हैं वैसा आप करते हैं। उन्हें किसी बात की फिक्र नहीं होती, और फिक्र करके वह क्या करेंगे, जितना रुपया घटेगा वह उनको यहाँ से हिन्दुस्तान के करदाताओं से मिलेगा।

अब मैं एक ही बात कह कर खत्म करूंगा। आप को यह भी सोचने की दरकार थी कि हमारी जो प्लैनिंग हो वह फ्यूचर डेवेलपमेंट कंट्री का कैसे हो उसके मुताबिक होना चाहिये। हिन्दुस्तान में आबादी बढ़ेगी और उसके मुता-बिक लोगों को सब चीजों की दरकार होगी। उसके हिसाब से आप को सब कुछ करना चाहिये था, लेकिन वह तो आप ने किया नहीं क्योंकि आप ने मान लिया कि डा० चन्द्रशेखर का निरोध बहुत ही सफल होगा, और बढ़ ने के बदले आबादी घट जायेगी। बहुत कम सामान बनाने से काम चल जायेगा। मगर दुर्भाग्य की बात यह है कि उनका निरोध तो सफल रहा नहीं, आप का औद्यो-गिक निरोध बहुत सफल हो गया। इसलिये मैं कहूंगा कि आप की मिनिस्ट्री के नाम तो बहुतों ने रक्खे है, लेकिन अगर आप आगे से उसका नाम औद्योगिक निरोध रक्खे तो ज्यादा उपयुक्त होगा।

आप को मैं एक नमूना बतला कर समाप्त करना चाहूँगा कि किस तरह से हिसाब किताब में गड़बड़ी होती है और उस को किस तरह छिपाया जाता है। मेरे हाथ में "जर्नल आफ इन्डस्ट्री ऐन्डट्रेड" है जो आप की ही मिनिस्ट्री की चीज है। उस में भारत हैवी एलेक्ट्रिकल्स के बारे में दिखलाया गया है कि 1968–69 तक क्यूमुलेटिव लासेज 16·4 करोड़ के हुए। मगर हमें भुलावा देने के लिए उस को इस तरह से बतलाया है।

[श्री मृत्युंजय प्रसाद]

कि अगर एलिमेंट आफ डिप्रेशन को आमदनी मान लिया जाय और उसको उसमें से कम कर दिया जाय, उसके बाद गवर्नमेंट लोन्स पर जो इंटरेस्ट दिया गया है उसको काट दिया जाये तो इतना बड़ा घाटा बदल कर क्यूमुलेटिव प्राफिट हो जाता है 1 करोड़ 48 लाख का। क्या आप इसी हिसाब को सही मानते हैं? अगर आप इसी हिसाब को सही मानते हैं तो यह आँख में धूल झोंकना होगा। फिर अगर आप इस हिसाब को सही मानते हैं तो क्या आप इस 1 करोड़ 48 लाख रु० पर इनकम टैक्स देने के लिए राजी हैं? अगर यही हिसाब आता है आप के यहां तब फिर मैं क्या कहूं। उनकी रिपोर्ट इस तरह आती हैं और आप का हिसाब इस तरह से आता है।

इससे बाद में अब रीजनल इम्बैलैंस की बात पर आता हूं। आप असम से लेकर कश्मीर तक चले जाइये। हिमालय की तराई और तलहटी छोटी नहीं हैं। यहां कौन सी इंडस्ट्री आप ने शुरू की है? सिर्फ शुगर, प्लाई वुड, या दियासलाई की काठी बनाने का काम, जिनमें सब चीजें सोलह आने ऐग्रीकलचर पर निर्भर करती हैं। आप ने वहां बनने क्या दिया है? कुछ राईस मिलें बनाई हैं असम में इसके अलावा और आप ने क्या किया है? रीजनल इम्बैलैंस और किस को कहते हैं? और मैं यह एक प्रदेश की बात नहीं कहता हूं।

कर्ज लेकर यों होली खेलने का जो काम आप करते हैं उसके बारे में इतना ही कहना चाहता हूँ :

कर्ज की पीते थे मै और समझते थे कि हाँ,
रंग लाएगी यह फाकामस्ती हमारी एक दिन।
यह गालिब समझते थे, लेकिन सरकार समझती है या नहीं, मैं नहीं जानता।

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor): Mr. Speaker... (*Interruptions.*)

MR SPEAKER: Other Members who are to precede him are not present; so I have called him.

SHRI S. S. KOTHARI (Mandsaur): He has the monopoly of speaking on every debate; they have no other speakers.

SHRI BEDABRATA BRUA: I was much lower down but some of the speakers are not here and so I was called to speak.

I think the basic document on the industrial policy of the Government is the Dutt Commitee's recommendations which went into the question of monopolies and devised certain effective norms by following which concentration of monopolistic and economic power can be held in check. I fully agree with the recommendations of the Dutt Committee and I believe that the Cabinet resolution of February 17 or 18 which tries to implement the recommendations of the Dutt Committee by and large is a step in the right direction. This Dutt Committee's division of industries into the core of heavy investment sector, middle, sector and unlicensed sector is, by and large, a very proper classification. As the Dutt Committee recommended that in the heavy investment sector alone, monopolies can really grow,—and monopolies also can grow in the middle sector—something should be done in terms of regulations to control the growth of monopolies by insisting, first of all, that in the middle sector there should be no encroachment of big business-houses, and in the heavy investment sector big business-houses should be allowed, because of their financial ability and all that, to participate. But, at the same time, it added a proviso—and it is a very good idea—that the big business-houses should not in any case be allowed to fatten at the cost of the public financial institutions and the nationalised banks, as the banks were nationalised later on. So, the Government should consider it as a joint sector. That is the core of the Dutt Committee's report: that the entire core sector, the heavy investment sector, should be considered as a joint sector, and when loans are given to big industries in the industrial sector, the Government should put in a clause the financial institutions and the banks should put in a clause—that the Government reserves the right, the financial institutions have a right, to participate in the management of these industries by purchasing equity shares and converting the loans or other funds which are advanced, into equity shares. While I believe that the Government has accepted this on principle, I would like to know whetsher such instruction

have been issued to the banks and the financial institutions that this clause is introduced, and not merely say that when these industries are in a bad shape the Government might convert their loans, etc. , into equity shares and also try to relieve them of their difficulties: that will not do. Naturally, we expect that the Government would take steps to definitely declare the big industries as the joint sector, and where Government assistance could only come as a participator in the equity shares.

This is very vital. Otherwise, the entire Dutt Committee's report would be rendered completely meaningless, because it is here that vast funds come. The Dutt Committee have gone into the big assets of the Birlas and found that there is concentration of assets and wealth in the form of industries there. Of course, there are only eight or nine or 10 business-houses with about 70 per cent of the total assets. In this question of the monopolies, I would not include just Birlas alone but all such big business-houses must be included, and it is here that the Government participation should come in.

The second point that I would like to emphasise is about the backward areas. There was a Cabinet resolution which was a very welcome resolution in that 10 per cent of the capital would be subsidised by the Government in the backward areas. Then there was another decision that in the backward areas, whenever a decision is made to locate some industries there, income-tax and other taxes would not be imposed for the first five years or something like that. In view of the fact that all the backward areas have been contributing to the development of the advanced areas, this is a must. But I regret that this recommendation has not been accepted by the Chief Ministers' Conference and the NDC. I do not know whether so far as these proposals are concerned they are as good as dead. I would request the Industries Minister to try to revive this and find out measures to develop the backward areas, and not just give expressions of goodwill; we have had enough of such expressions. Though the Planning Commission has been asserting that the backward areas should be developed and concessions should be shown to them in the matter of industries, basically the backward areas have become more and more backward and the advanced areas are developing further. This leads to tensions within the country and the centrifugal tendencies that we see are a direct outcome of these tensions that we see in the country. This is a vital point, such things should not be allowed to develop.

I now refer to the public sector. The Industrial Policy Resolution of 1956 asserted that there would be two Schedules: one Schedule covering all the industries which require a long gestation period requiring a very heavy investment in terms of capital and requiring a new and very complicated technology and a market which may not be created because of the non-advancing industrial sector.

All those industries which would not be able to use their full capacity at a point of time become victims of recession, whenever recession comes. The consumption sector that was left with the private enterprises did not suffer from recession. Air—conditioners or refrigerators did not suffer from recession. Recession came to this sector which was not expected to make a profit and this allowed a handle to opponents of public sector to malign it. After the Industrial Policy Resolution, Government started entering that sector where there is no profit. I want that this Industrial Policy Resolution of 1956 should be further clarified to include the possibility, rather certainty of the Government entering those sectors which are consumer-oriented and export-oriented.

So far as export-oriented industries are concerned, recently the Ministry of Foreign Trade has reportedly made some recommendation licensing requirements with regard to big business houses should not be applied so far as export-oriented industries are concerned. This is one of the biggest faults. It is a misnomer to call them export-oriented industries. For instance, artificial silk industry was recommended this type of treatment by the ministry and licences were given, saying that it would lead to exports. But later on, did the Government care to enquire how many of them really exported their production? All the best textiles which were produced were given for internal consumption because of the heavy demand in the country and the growth of a sort of middle-class, upper salaried class, etc. The real growth of exports was in those industries which were producing cotton textiles of indigenous variety. How long can we go on trying to take a wrong view of things? If export-oriented industries fail to export,

[SHRI BEDABRATA BARUA]

they should be nationalised. I have no doubt that if we are to produce consumer goods for internal consumption, it is an insult to the common man. We should produce consumer goods and luxury goods and they should be exported. If the private sector is not able to do it because of the strong demand for consumer goods in the country and the lop-sided development of economy, we should do something about it.

About the loan policy, there has been always discrimination against the public sector enterprises. It concerns other ministries also. A few months ago, I had occasion to visit the HMT. It produces one of the best watches economically. It produces only 2½ lakhs watches whereas the watches smuggled into India amount to 30 lakhs and the country must have paid at least Rs 100 crores for the smuggled watches. The HMT people told me authoritatively that they have been applying for foreign exchange for expansion, but they are not given the foreign exchange. We have to change the entire idea about loan, foreign exchange and all these things and give high priority to public sector. Nothing should be done to help low priority items in the private sector.

SHRI R. K. BIRLA (Jhunjhunu): Mr. Speaker, I would like to compare this Ministry with an old wife who believes more in 'don'ts' than in 'dos'. The philosophy of 'dont's' adopted by this Ministry retards the industrial growth of this country which we can ill-afford at this time if we are determined to achieve more than 7 per cent rate of growth. I state here what Shri L. K. Jha has stated a few months back about this. He has stated that if the country's economy is to be improved, we cannot go on with "ifs" and "buts". Therefore, I would suggest that the hon. Minister, Shri Ahmed, should try his best to remove the se "don'ts", "ifs" and "buts" if he wants his Ministry to achieve their objects.

MR. SPEAKER: The hon. Member may continue his speech after lunch.

The Lok Sabha adjourned *for Lunch* till Fourteen hours of the Clock.

THE LOK SABHA RE-ASSEMBLED AFTER LUNCH AT FIVE MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

DEMANDS FOR GRANTS, 1970-71 *contd.*—

MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS *contd.*—

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri R. K. Birla to continue his speech.

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour): Sir, I have given a Call Attention notice on the undesirable activities of the American Ambassador, Mr. Kenneth B. Keating, in this country, who has been criticising the Government of India for their decision to close down cultural centres in India. Will you kindly ask the Minister of External Affairs to make a statement as to what they propose to do against the undesirable activities of the American Ambassador in this country, who is anxious to create chaos and trouble in the country.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI (Krishnagar): Sir, I have to raise a point of submission which causes a grave concern to all of us, that the house of the Opposition Leader in West Bengal Assembly, Shri Siddhartha Shankar Ray, has been ransacked. It is yet not known which are the parties involved in this. A live bomb had been planted in the library which might have burst any moment and killed his aged mother, and the innocent people in the House. I want the Home Minister to make a statement on this.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना): अध्यक्ष महोदय, कल जो बर्दवान में गैंगमैन और आर पी एफ के बीच में क्लैश हो गया था जिसमें गोली चली, गैंगमैन मारे गए और 24 आदमी घायल हुए, इसके बारे में मैंने ध्यान आकर्षण करने की कोशिश की थी लेकिन मुझे आश्चर्य है कि इतना महत्वपूर्ण सवाल होते हुए भी वह माना नहीं गया और मैं आप के जरिए चाहूंगा कि रेलवे मंत्री इसके बारे में कुछ बताएं।

MR DEPUTY-SPEAKER: All that has come in the papers.

SHRI BABURAO PATEL (Shajapur): Sir, this morning, we stood in silence for a short while as a mark of respect to Dr. U. Misra who died. I would suggest that we stand for a minute in prayer for those American astronauts who are coming down to earth from the moon. It will be a good gesture.

MR. DEPUTY-SPEAKER Kindly give a proper notice.

SHRI BABURAO PATEL: This is not a question of giving any notice. Those astronauts are coming down to earth at the moment. Let us stand and pray for their safe return.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We all will be very happy. We shall heave a sign of relief on their safe return to earth. The whole world is concerned about it.

Shri R. K. Birla to continue his speech

SHRI R. K. BIRLA: Mr. Deputy Speaker, Sir, as I was saying in the morning if the Government of India still continues to act on "don'ts, ifs" and "buts", that is going to be very harmful to the country and to the industrial growth.

In 1967-68, we know very well, there was a growth of less than 1 percent which is a matter of deep concern to everyone of us. I feel happy that the Government took some steps as a result of which the industrial growth of the country increased to 6.5 per cent in 1969. If my suggestions are taken seriously by the hon. Minister, Shri F.A. Ahmed, I feel very sure that it is going to increase further and it may be nearabout 8 per cent.

Before I give my suggestions to the Government as to what steps they should take for the development of industrial growth of the country, I would not hestitate to say something about the part played by the private enterprise so far. In spite of the fact which is beyond a shadow of doubt that the private enterprise, on the whole, played a very important role in India's massive economic development for which it certainly requires compliments from all of us.

I am sorry to say one thing. Its reputation and image before the public is rather poor. What is the reason ? According to me, there is only one reason for the image and reputation of the private sector being so poor before the public that the trusteeship concept of Mahatma Gandhi was not fully and sincerely kept in view while forging ahead towards economic development of the country. It is certainly a matter of deep concern to all of us. It is said that some of the mills have gone sick and some of the units are going to fall sick. Well, I am sorry to hear about this sickness. Anyone of us will be sorry about the sickness whether it is of mills or humanbeings. I am actually grieved to know that while the units have become sick, the proprietors or the Managing Agents of these sick units have become healthy or even healthier. That is something I cannot understand. Here, I would refer to Mr. J.R.D. Tata's speech delivered a few months back when he said:

> "As a result of the suspicion and hostility which this poor image of the private sector has generated in the minds of Government, public and Parliament, it is being increasingly denied the opportunities to play the full part of which it is capable of in developing the country's economy." As a result many sound projects of importance to the country put forward by honest, competent and resourceful companies are being frustrated to the detriment of the economic development of the country."

Now the question arises: how we can revive this lost image. It is possible only when we take effective steps to follow the trusteeship concept of Mahatma Gandhi. Besides this, my emphasis is that we firmly and sincerely adopt the concept of social responsibility while establishing a unit. By this I mean that business policy should not be dictated by mere laws of supply and demand and only with profit motivations, but we should develop a third dimension which is the welfare of the locality where the mill is situated. It should be the responsibility of the unit to make approach roads, electrify the houses, construct houses, hospitals, schools and dispensaries, etc., say within a radius of about 10-15 miles of the unit. Simply working according to the Companies Act and other Government laws does not mean that we are fulfilling our social objectives. The satisfaction and sense of oneness comes only when the sorrow and happiness, the grief and pleasure of the neighbouring people is closely interlinked with the prosperity and adversity of the unity concerned.

Sir, the Monopolies Act has already been enacted. Therefore, I won't say anything about it. I would certainly say one thing. I am definitely against monopoly, concentration of economic power, concentration of wealth because we know very well that it is against the fundamental principles of socialism. To-day, Sir, every one of us is committed, the country is committed, the Government is committed and we are all committed to socialism. But I would certainly endorse the views of Mr. T. T. Krishnamachari when he said a few months back in Delhi that in the name of monopolies, for heaven's sake, don't restrict the production, don't curb the industrial growth because restricting the production, and curbing the industrial growth is much worse

[SHRI R.K. BIRLA]

and I fully share what Mr. Krishnamachari has said. I hope Government will not think for a moment of putting a spoke in the wheel when somebody is interested in increasing production. I may say, I have no sympathy whatsoever with any one who evades income-tax or sales-tax or any other taxes and indulges in malpractices. Well, the greatest punishment should be given to that man or that company whoever it may be. But, I would request the Government that for Heaven's sake, do not punish the man who is seriously and honestly interested in increasing the production of the country which is in the overall interest of the nation. On the other hand, that company or that man who increases production should be amply rewarded not by giving warnings or stern action but by calling him a 'good worker' and a 'patriot'. Because, Sir, he brings Socialism quicker to the country.

Now, Sir, I will speak something about the 1956 Industrial Policy Resolution. For all practical purposes, it is out-dated. It should be further re-oriented in the present context, so that the private sector is fully allowed to be associated with the Government in creating a massive industrial development. And, Government should not always think that the people in the private sector are bad people, and they should not be treated with suspicion and doubts.

Now, Sir, I wish to speak something about the small-scale sector. All the sectors-whether it is big or small, whether it is public or private —are all one 'national sector' as our Prime Minister Madam Indira Gandhi has said in the Rajya Sabha a few days back. But, I wish to say, this, that the small-scale sector needs a special consideration by the Government because it has not got the resources at its command. May I therefore suggest to the Government that they should be more sincere in this respect and encourage and give all help and facilities and loans to them ?

Regarding the public sector I would not like to say anything more except that it is not going to function properly until and unless its full installed capacity is fully utilised. In today's Time of India, there is an item stating that 50% is the idle capacity in the Heavy Industry. How? I do not understand how this public sector is going to work and make money if its installed capacity is utilised only to the extent of 30% or 40%. The same thing applies to the private sector. It is the duty of the Government to supply necessary raw materials and necessary power supply and other facilities and to see to it that every unit in the public sector or private sector or any other sector is working to its installed capacity. As a matter of fact, I have a desire that the units should work more than their installed capacity. And, the Government should compliment that unit. But, what I find is that the Government of India seems to be somewhat allergic in this respect. I do not know why if anybody or any unit increases production more than the installed capacity they think of taking some action against them. I do not like that. That is one thing which I would like to say.

Then, I wish to say something about the public sector. In Khetri, in my constituency, there is a copper project and a fertilizer project also. I think it is going to cost over Rs. 100 crores. I have been telling the Petroleum Ministry, the Ministry of Industrial Development and every other Ministry : for Heaven's sake connect these with a Railway line; otherwise this project is going to be a failure. But, Sir, my voice as it seems, is just a cry in the wilderness. I have got a letter from the Railway Minister saying that the Railway is not thinking of connecting this unit with any railway siding.

How are they going to get the raw materials? It is going to be very uneconomical on account of not having a rail-line connection. With my experience in business and industry I can say that this project is going to be a failure if the Government of India is not going to connect this project with a railway line.

I want to speak something about the delay. I shall just read a news item which has appeared in the *Financial Express* of the 20th January. This Ministry has clarified a point after nine years. It says :

> "The Union Ministry of Industrial Development has issued almost after nine years a clarification regarding the policy on grant of lease of Government land to somebody regarding salt manufacturing."

Nine year's time is a very long period. I hope the Government will take note of this.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor) : Thank God this has not taken ten years.

SHRI R. K. BIRLA : If the hon. Minister and his associates are very busy in other important work and they cannot attend to the

disposal of the files, I would suggest that they adopt a method called "Gajrajsinghji's method". Shri Gajrajsinghji was the Prime Minister of a Princely State when Britishers used to rule us. The Viceroy and the Governor-General's post was occupied by one person at that time. He went to see that State. The Secretary was an I. C. S. Officer. He told the Prime Minister Shri Gajraj Singh that the *bara lat sahib* was going to come here and the public was going to give him a reception. He told him: "They are going to tell him that the files have been acumulated and that you have not been able to dispose of those files." To this Shri Gajraj Singh said that he should not bother about it and that he knew of his ability as the Prime Minister of that big State to dispose of the files before the *bara lat sahib* reached that place. One day before that, the files were brought before Shri Gajraj Singh. He said : 'put 50% of the files on the right side of the table and the other 50% on the left side of the table.' Right side is accepted while the left side is rejected. I say that even if this policy is accepted by this Government, the disposal of the files will be very quick.

Thank you very much.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : Since I am leaving for Kanpur, let my name be called.

श्री सीताराम केसरी (कटिहार) : अध्यक्ष जी, देश का आर्थिक चित्र बनाने में उद्योग-धंधों का बहुत बड़ा हाथ होता है। पिछले बीस सालों में हमारे देश में इस दिशा में जो तरक्की हुई है या जो होनी चाहिए तथा हमारे देश में मिक्स्ड एकोनामी के आधार पर, पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर, दोनों में, हमारे देश के आर्थिक चित्र की उन्नति के लिए और देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत करने के लिए जो उद्योग धंधे चल रहे हैं उनके सम्बन्ध में मैं दो एक सुझाव अवश्य देना चाहता हूँ। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी जो समाजवाद की कल्पना है, जिसके आधार पर हम अपने देश का आर्थिक चित्र बनाना चाहते हैं, उसमें पूरी तरह से विश्वास करने वाले हमारे मंत्री महोदय हैं परन्तु मैं समझता हूँ कि बहुत सारी खामियों की जानकारी उनको नहीं हो पाती है। जैसे कि मैं आपको बतलाऊं कि आप जो उद्योग-धंधों की कमेटीज बनाते हैं जैसे कि फेडरेशन है है उसमें जो बड़े-बड़े उद्योगपति हैं, बीस तीस उन्हीं की शिरकत हो पाती जो छोटे उद्योगपति है, दस बीस लाख रूपए के उद्योगवाले उनकी शिरकत उन कमेटीज में नहीं हो पाती है। मैं समझता हूँ कि आपको उन कमेटीज में छोटे उद्योगपतियों को भी रखना चाहिए।

इसी प्रकार से मैं आप के द्वारा मन्त्री महोदय से कहना चाहता हूँ कि जहाँ तक सीमेंट के प्रोडक्शन का सवाल है, हमारे उत्तरी भारत में बहुत ज्यादा प्रोडक्शन होता है। दक्षिण भारत में भी है लेकिन इस तरफ ज्यादा होता है। अब जहाँ तक सीमेंट की प्राइस का सम्बन्ध है, उसमें समानता नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में मैंने पहले भी आपको लिखा है और पुनः कहना चाहता हूँ कि सीमेन्ट की प्राइस के सम्बन्ध में कोई समानता होनी चाहिए।

तीसरी बात यह है कि मार्केट में सीमेंट अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचनी चाहिए। आपने 14 अप्रैल, 1969 को इस बात की घोषणा भी की थी कि सीमेंट को डी-कंट्रोल करेंगे लेकिन फिर अचानक आपने 20 दिसम्बर 1969 को कह दिया कि अभी हमने इसको कुछ दिनों के लिए स्थागित कर दिया है। मैं समझता हूँ कि सीमेन्ट को डी-कन्ट्रोल करना चाहिए। यह सही है कि गरीबों तक पहुंचने के लिए आपको ध्यान रखना चाहिए, यह सही है कि निम्न स्तरीय व्यक्तियों तक सीमेंट पहुंचे, इस बात को आप देखें लेकिन इसके साथ साथ यह भी जरूरी है कि सीमेंट का जो प्रोडक्शन होता है वह अधिक मात्रा में मिलों में ही न पड़ा रहे क्योंकि फिर उसका असर उसके प्रोडक्शन पर पड़ता है, मजदूरों पर पड़ता है। मैं समझता हूं सीमेंट डी-कन्ट्रोल होने और अधिक से अधिक सीमेंट बाजार में आने से सभी लोगों को वह उपलब्ध हो सकेगी। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि आप सीमेंट को डी-कन्ट्रोल करें।

[श्री सीताराम केसरी]

चौथी बात यह है जिसको आपने खुद माना है कि जो हमारी टेक्स्टाइल की इन्डस्ट्री है वह बहुत ही महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री का बहुत सारा माल दूसरे देशों को एक्सपोर्ट होता है बल्कि हमारे देश की बहुत कुछ आर्थिक बुनियाद इस इन्डस्ट्री के ऊपर आधारित है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री की तरफ आपका विशेष ध्यान जाना चाहिए क्योंकि इंडस्ट्री के द्वारा हम जितना एक्सपोर्ट करते थे उसको देखते हुए आज एक हमसे छोटा मुल्क हमारे कम्प्टीशन में आ गया है।

पाँचवीं बात यह है कि आज हमारी पब्लिक सेक्टर की इंन्डस्ट्रीज हैं जिनमें कि हमको हानि होती है, मैं समझता हूं पब्लिक सेक्टर की इंडस्ट्रीज को चलाने के लिए जो बोर्ड आफ डायरेक्टर्स बनाया जाय उसमें ऐसे लोगों का समावेश होना चाहिए जिनको कि पब्लिक सेक्टर के प्रति विश्वास की भावना हो, जिनको कि पब्लिक सेक्टर में फेथ हो। जब तक उनमें फेथ नहीं होगी तब तक उनके काम में वह एफीशिएन्सी नहीं आएगी। विश्वास के आधार पर ही काम करने की स्पिरिट पैदा होती है। इसलिए मैं कहूंगा कि पब्लिक सेक्टर में जो लास हो रहा है उसको रोकने के लिए और पब्लिक सेक्टर जो कि हमारे समाजवाद की आधार शिला है, इस सरकार की जो घोषित नीति है कि समाजवाद के आधार पर हमारे देश का आर्थिक चित्र बने तो इसको सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि पब्लिक सेक्टर की इंडस्ट्रीज के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में या उसके संचालन में उन लोगों को रखा जाये जिनको समाजवाद में विश्वास हो ताकि पब्लिक सेक्टर को चलाने में उनको ताकत मिले।

जहां तक लाइसेन्स देने की बात है, आपने स्वयं ही कुछ छूट दी है जो कि एक अच्छी बात है। लेकिन आपको यह देखना चाहिए कि वह कुछ छोटे-छोटे उद्योगपतियों के नाम पर लाइसेन्स ले लेते हैं। इस प्रकार की बात हमारे देश में चल रही है। इस लिए आप इस बात की विशेष निगरानी रखें ताकि छोटे छोटे उद्योगपतियों को भी प्रोत्साहन मिल सके। विदेशों में बहुत सारे इंडस्ट्रीयलिस्ट्स इस बात को कहते है कि भारत में इंडस्ट्रीज में तरक्की के लिए बहुत सारे अवरोध हैं। लेकिन मैं कहता हूँ कि यह गलत बात है। इंग्लैंड, अमरीका इत्यादि में जो तरक्की होती है, वहाँ पर जो इंडस्ट्रीयलिस्ट्स हैं वे किसी एक चीज में स्पेशलाइज करते है जैसे कि मोटर बनानी है तो उस में स्पेशलाइज कर लिया। इसी तरह से ट्रैक्टर की इंडस्ट्री एक तरफ है। यह नहीं होता है कि ट्रैक्टर का इंडस्ट्रियलिस्ट सीमेंट का उद्योग भी चलाए, चीनी का उद्योग भी चलाए और वेजिटेबिल घी का भी उद्योग चलाए। इस तरह की चीजों पर आप को नियन्त्रण करना होगा ताकि बहुत सारे जो छोटे छोटे इंडस्ट्रियलिस्ट्स हैं वह भी उस जगह पर पहुँच सकें। अन्यथा हमारे यहां पर जो एक्युमुलेशन आफ वेल्थ होता जा रहा है उसका सब से बड़ा कारण यही है क्योंकि एक उद्योगपति दस तरह के काम करता है और दस नामों से करता है। इस लिए मैं आप से कहूँगा कि एक इंडस्ट्रियलिस्ट को एक ही काम करने के लिए दीजिए तभी इस देश का फायदा होगा और जो छोटे छोटे इंडस्ट्रियलिस्ट्स है उनको भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

इसके अलावा एक बात मैं कहना चाहता हूँ कि आप के द्वारा जो लोन दिया जाता है, उसका जो तरीका है उससे जो छोटे उद्योगपति है—मेरा मतलब बड़े पूंजीपतियों से नहीं है—जो छोटे उद्योग धंधे करने वाले है उन तक आप की मदद नहीं पहुँच पाती है।

मैं समझता हूं कि इस दिशा में आपको एक कदम रखना चाहिये ताकि उन लोगों तक मदद पहुंच सके। मैंने जैसा कहा छोटे छोटे उद्योगपति सारे देश में फैले हुए हैं, उनकी आपके यहां कोई सुनवाई नहीं है, कोई से नहीं है। वह लोग फेडरेशन आफ इंडियन चैम्बर आफ कौमर्स के मार्फत ही आ पाते हैं। मैं समझता हूं कि आपको

उनका हित फेडरेशन से उनको अलग रख कर देखना चाहिये तभी आप समझ सकेंगे कि इस देश में और भी छोटे छोटे उद्योगपति हैं। ऐसे उद्योगपतियों को आपको डायरेक्ट कमेटी में रखना चाहिये, न कि फेडरेशन के मारफत।

जो प्रोडक्शन होता है इंडस्ट्रियलिस्ट का उसका मेरे ख्याल से सभी में वितरण होना चाहिए अभी होता क्या है कि एक इंडस्ट्रियलिस्ट का एक प्रोडक्शन हो गया उस पर उसी का आधिपत्य हो जाता है जिसका नतीजा यह होता है कि सभी जगह वह उत्पादन नहीं पहुंच पाता है।

मैं मंत्री जी को इस बात के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बड़ी बड़ी कम्पनियों द्वारा डोनेशन देना बन्द कर दिया जिससे देश की संस्थाओं को आपने बहुत बड़ा लाभ पहुंचाया है। इससे जो मोनोपली की भावना केन्द्रित होती थी, और जो पूंजीपतियों के द्वारा इकट्ठा धन जाता था जिसका काफी दुरुपयोग पूंजीपतियों द्वारा किया जाता था, वह अब नहीं हो सकेगा। इस प्रवृत्ति पर आपने अंकुश लगा कर बहुत अच्छा काम किया है।

एकुम्युलेशन आफ़ वेल्थ को रोकने के लिए कुछ इस तरह की तैयारी कीजिये, जैसे अमरीका में है। वहां यह तरीका है कि सरकार का जो रेवेन्यू है उसका एक परसेंटेज होता है कि इतने परसेंटेज से ज्यादा किसी के पास वेल्थ नहीं होगी, वह कनफ़िसकेट हो जायगी। मान लीजिये पांच करोड़ का हमारा रेवेन्यू है, अब अगर किसी इंडिविजुअल की राष्ट्रीय आय से एक परसेंट ज्यादा वेल्थ होती है तो वह कनफ़िसकेट कर ली जायगी। इस प्रकार से मोनोपली आफ़ वेल्थ पर अंकुश लग सकता है।

Shri Patodia has presented to us a mythology of capitalism in India and has made out three points. One is that the money that is being taken by the private sector companies from the public sector financial institutions is not the property of the Government. Certainly not. Nobody claims that it is anybody's grandfather's property. This money belongs to the people, and under the law and the Constitution, unless one goes back to primitive society,—I think even the primitive society had some sense of social organisation—or unless one becomes an anarchist completely, the political theory of the State will have to be followed, and it has been accepted as an axiomatic proposition, from the 17th century onwards that the State has got the right; in fact the State has got an obligation to intervene a public interest in the economic affairs of society as it represents the interest of the people. This proposition has been accepted by the proponents of the welfare State or the capitalist State, let alone those who believe in the history of the socialist State. Therefore, this proposition has no validity.

He also tried to make us understand that there was distinction between paid up capital and assets. If the assets are increased by 100 or 200 per cent, the assets should not be mistaken to be the property of the particular group of individuals. Therefore, he blamed us that we were trying to present a misleading picture in Parliament by saying that a certain group of individuals owned certain assets. I am afraid he should credit us that we are capable of drawing a distinction between paid-up capital and assets. If he carefully reads the Monopolies Inquiry Commission Report, he will see that it clearly conceived that the paid up capital or the assets should not be so held as to extend the control of a single individual or a group of individuals over the resources of the community. The report itself states that the problem is one of concentration of economic power; restrictive and monopolistic practices are the results of concentration of economic power. If we understand the concept of assets in this context, Mr. Patodia's theory has no basis. It is only a myth of private capitalism. The Monopolies Commission report says on the first page itself: "Clearly concentration of economic power is the central problem. Monopolistic and restrictive practices may properly be considered to be the functions of such concentration.

Mr. Patodia asked: what is wrong in the companies taking money? As a general proposition there is nothing wrong. What do they do with this money? How do they get it? Would there be any misdirection in investment of resources? Would there not be proper channelisation of money into proper developmental activities in the interest of the people? These are broad questions. I have no quarrel with anybody who engages in useful activity, increasing production and productivity and working in the interest of the people. If on the contrary money is taken in the form of loans, debentures, etc. and is utilised for building up financial empires and extending their imperial hold over corporate sector, the difficulties, arise. I do not think that any person with any knowledge of the subject would allow such practices to prevail. This is what exactly we are trying to prevent by various laws—nothing more.

He says that we are against competition. Certainly not. I shall quote one sentence from memory; one of the sentences used by Mr. C. C. Desai in his letters was to this effect: The pillars of private enterprise do not want competition because they stand to gain by monopolistic practices. It is they who indulge in monopolistic practices by building monopolistic empires against free competition. We try to restrict those empires and enlarge the field of competition in the private sector by allowing corporate bodies to increase production. It would be a folly in economic theory to attribute any monopolistic features to the public sector because there is nothing like monopoly in economic theory as far as the public sector is concerned.

SHRI S. S. KOTHARI: State monopoly.

SHRI RAGHUNATHA REDDY : There is nothing like a State monopoly. Whatever the State owns is the property of the people. Therefore, there is nothing like a monopoly as far as the State is concerned. The concept of monopoly would arise only in terms of the private sector and not in terms of the public sector.

SHRI S. S. KOTHARI : They misuse their economic power, including Ministers.

SHRI RAGHUNATHA REDDY : Shri Patodia had also said that we are still clinging to the classical concept of monopoly, and we are not able to understand it properly; that is what he had said, if I have understood him properly. Again, I would feel rather hesitant to mention some small mistakes in economic theory, but I consider it my duty to tell the House, because the point had been made out already. At present, there is nothing like a classical type of monopoly as it is etymologically understood. What is now prevalent is duopoly, oligopoly, like cartels and combinations, large forms of monopoly which have manifested themselves in different incarnations controlling the economic life of this country.

SHRI SRINIBAS MISRA : Not polypoly ?

SHRI RAGHUNATHA REDDY : Yes; that also. It is something in the nature of a polygamous development. (*Interruption*) It is in this context that the problem of monopoly will have to be understood.

SHRI S. S. KOTHARI : Economic power becomes concentrated in the hands of Ministers, which I call Ministropoly. This is flourishing in this country to the detriment of the people of this country.

SHRI RAGHUNATHA REDDY : Since some points have been made out, I will try to illustrate from facts. The aggregate assets of the 75 houses were of the order of Rs. 2,606 crores in 1963-64, of which Rs. 1,780 crores, that is, 68 per cent, were accounted for by the 20 large houses, and Rs. 826 crores, that is, 32 per cent, were accounted for by the remaining 55 houses. I am only trying to deal with the 75 houses.

Sir, the question arises : how do these houses get their money, and is there any truth in what Shri Patodia had said. If we look at the Reserve Bank bulletin published in December, 1968, it will give a very vivid picture as to how these financial operations took place in the world of scheduled commercial banks before nationalisation was done, for which purpose nationalisation is completely justified.

I will give only a few figures. I do not want to strain the hon. Members by giving elaborate figures. For instance, from the figures available as on 31.3.1967, I hope the hon. Members who specialise in accounts would understand, in the year 1967, 437 individual accounts have taken Rs. 635.37 crores accounting for 23.4% of the total loans. Then, the Reserve Bank people could not calculate the percentage from the total accounts—664 accounts—0.1 per cent of the total number of accounts—have taken Rs. 369.25 crores. Then, 0.4 per cent have taken Rs. 668.05 crores as loans. I do not want to strain further by giving more figures.

SHRI S. S. KOTHARI : How much production do they account for, and what is the ratio of production to the loans in the private sector and the public sector ? Please arrive at those figures, and you will grow wiser. What is the amount of production, and how does it compare with production in the public sector, compared to the loans they have taken ? Do not challenge. You are a theoretician; that is all.

SHRI RAGHUNATHA REDDY : I am only trying to deal with the real contribution made by the public sector on its own and in what manner they had drawn on the public exchequer in order to achieve—(*Interruption*)

SHRI S. S. KOTHARI : Loss of Rs. 35 crores on an investment of Rs. 3,500 crores.

SHRI RAGHUNATH REDDY : I know he is a very intelligent man. He can put all these questions on a different occasion. The total deposit with the bank as on 31st March 1968 amounted to Rs. 3994.6 crores. Of this, deposits owned by Government, Government-controlled institutions, individuals and cooperatives amounted to Rs. 2930 crores, which forms 73 per cent of the total deposits. I am quoting it with a purpose. The money which has been deposited in the bank generally belongs to the public. The actual contribution made by limited companies in terms of fixed deposits made, according to the Statistical Tables Relating to Banks in India in 1968, is 4.3% by industry and trading and 0.1 per cent, by other limited companies. Having made this contribution they take nearly 60 per cent of the total deposits either by way of loans, ad-

[SHRI RAGHUNATHA REDDY]

vances and other contributions made to the private sector. This is how banks have been used. This is how the financial institutions have been used for the purpose of benefiting the private corporate sector. This is the philosophy which Shri Patodia had tried to present yesterday. This would show in what manner they would exploit and also develop a mythology around it to justify the exploitation which they have indulged in.

One point was raised by Mr. Kothari regarding the small-scale sector. I must pay my compliments to the small-scale sector. It has got a share of 35 per cent in the entire total production of the country. One point has been asked, what is meant by concentration of economic power. No doubt concentration of power has not been defined by any text book or by statute so far. But I will quote Mr. R. H. Tawney from his great work *Equality*, which would give some idea of what is meant by concentration of economic power. With your permission, Sir, I would quote him :

> "Power may be defined as the capacity of an individual, or group of individuals, to modify the conduct of other individuals or groups in the manner which he desires, and to prevent his own conduct being modified in the manner in which he does not ...in an industrial society, the tendency of economic power is not to be dirpersed among numerous small centres of energy, but to be massed in blocks. It is gathered at ganglia and nerve-centres whose impulse gives motion to the organism and whose aberrations or inactivity smite it with paralysis. The number of those who take the decisions upon which the conduct of economic affairs, and therefore, the lives of their fellowmen, depend is diminished; the number of those affected by each decision is increased."

This is the essence of concentration of economic power. That is why the concept of assets will have to be understood in the context of growing concentration of economic power and not as a ratio between paid-up capital and assets, saying that the assets after all belong to the lakhs of shareholders. It should be understood that even in the case of paid-up capital, though the shareholder is theoretically expected to participate in the shareholders' democracy, it is seldom that a small shareholder would be able to exercise this right to shape or even correct the policies of a corporate body. Therefore, there is not much substance in the argument that the shareholders' democracy is there and therefore, all the shares belong to the shareholders.

It must be made clear that Government is not opposed to the private sector as such. The Government is opposed only to the manifestations of concentration of economic power and to monopolistic practices and various other forms in which malpractices persist. Having advocated the philosophy of mixed economy, we wish the private sector well; we wish the private sector to prosper, provided it acts within the ambit of the limitations that have been placed upon it in the interests of the community and the people. Otherwise once the private sector is allowed to grow to such a length, once concentration of economic power is allowed to grow to such strength where it would be able to influence the politics of the country, I am afraid the liberty of democracy itself is in danger.

I will conclude by showing why I say that democracy is in danger. I want to quote the message that President Roosevelt sent to the Congress while they were appointing the Temporary National Economic Committee to go into the problems of concentration in America. The message reads thus :

> "The liberty of a democracy is not safe if the people tolerate the growth of private power to a point where it becomes stronger than their democratic state itself. Concentration of economic power ... and the resulting unemployment of labour and capital are inescapable problems for a modern private enterprise democracy."

That was the message of President Roosevelt.

Sir, I will say with great humility that the social transformation is on the agenda of our history and whatever might be the dissenting voices and the forces of *status quo* that may be set in motion, the socialist transformation cannot be stopped. The inexorable march of history, the inexorable march of the people, cannot be stopped by these forces.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : सभापति महोदय, श्रीमती इन्दिरा गाँधी की समाजवादी सरकार तकरीबन पाँच साल से सत्ता में है और औद्योगिक विकास मन्त्री भी तीन साल से इस मंत्रालय को देख रहे हैं लेकिन इन पाँच वर्षों का अगर

[श्री मधु लिमये]

लेखा-जोखा लिया जाएगा तो औद्योगिक विकास के लिए या इस मंत्रालय के लिए जो सर्वसाधारण उद्देश्य होने चाहिए उनमें से किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हुई है—यह बात बिल्कुल साफ हो जायगी ।

जहाँ तक भारत की खेती का सवाल है वह तो मौसम के ऊपर निर्भर करती है । लेकिन जहाँ तक औद्योगिक मंत्रालय का सवाल है उसका कर्तव्य होना चाहिए कि औद्योगिक उत्पादन में अधिक गति उत्पन्न करने का प्रयास करे लेकिन जैसा कि उन्होंने स्वयं स्वीकारा है कि 1966-67 में औद्योगिक उत्पादन बढ़ने के बजाय घटा और उसके बाद 1968-69 में 6-7 प्रतिशत बढ़ा है तो अगर चार साल का लेखा-जोखा लेंगे तो तीन साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक औद्योगिक पैदावार की गति नहीं बढ़ी है । क्या मन्त्री महोदय इसको सफलता कहेंगे ? तो पैदावार बढ़ाने के मामले में यह मंत्रालय बिल्कुल अयोग्य साबित हुआ है ।

दूसरा उद्देश्य आर्थिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण है । क्या इस के बारे में मन्त्री महोदय कह सकते हैं कि आर्थिक सत्ता को विकेन्द्रित करने के लिए, वितरित करने के लिए इनके मंत्रालय के द्वारा कोई ठोस काम हुआ है ? कई कमेटियाँ बनीं, उनकी रपटें आयीं, लेकिन जहाँ तक औद्योगिक ढाँचा हमारे देश में है, और जो आर्थिक सत्ता का केन्द्रीकरण है, उसमें जरा भी परिवर्तन नहीं आया ।

बम्बई कांग्रेस का अधिवेशन समाप्त होने के बाद जिन तीन नीतियों की घोषणाएँ की गयीं, उनमें एक घोषणा थी कि गोवा में बिड़ला जी को फर्टिलाइजर का कारखाना दिया जाय, इस्पात के दामों को बढ़ाया जाय और वनस्पति घी के दाम भी बढ़ाये जायें जिसमें हिन्दुस्तान लीवर जैसी विदेशी कम्पनी का अकेले उत्पादन में एक तिहाई हिस्सा है । तो सत्ता के केन्द्रीकरण का जहाँ तक सवाल है पुरानी नीतियों में कोई परिवर्तन नहीं आया और समाजवाद के नाम पर मुल्क में एकाधिकारशाही को उत्पन्न करने का जो काम 23 साल से चल रहा है, पिछले तीन, चार वर्षों में उस में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है ।

इन्होंने कम्पनी कानून में हम लोगों के कहने पर परिवर्तन किया और मैनेजिंग एजेन्सी की प्रणाली को, तथा कम्पनियों के द्वारा जो राजनीतिक दान दिया जाता था, उस प्रथा को भी बन्द करवाया। लेकिन जैसा कि उस समय हम लोगों ने कहा कि यह बिल तो पास हो जायगा लेकिन उस के बाद कम्पनियाँ नये नये रास्ते निकालेंगी जिस से जो पुरानी प्रथायें हैं वही चलती रहेंगी, वह बात हमारी सच साबित हो रही है ।

अब राजनीतिक अनुदान के बारे में उन्होंने कहा कि कानून बिल्कुल साफ है । लेकिन मैं उन से पूछना चाहता हूँ कि क्या यह बात सही नहीं है, उनका ध्यान इन बातों की ओर हमने तत्काल आकर्षित किया था कि सूवेनेयर के जरिए, यानी जो सप्ताह के नियमित ढंग से अखबार नहीं निकलते हैं, जो मासिक पत्रिकाएँ नहीं हैं, ऐसे राजनीतिक दलों के सूवेनेयर्स को इतनी बड़ी मात्रा में विज्ञापन दिये जाते हैं कि कम्पनी के राजनीतिक चन्दे को बन्द करके जो फायदा होना चाहिए था वह नहीं हुआ है । मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि कितनी कम्पनियों के खिलाफ आप ने कार्यवाही की है ? या सिर्फ यह आश्वासन ही देते रहेंगे कि कानून बिल्कुल साफ है और कम्पनियों का ध्यान इस ओर खींचा गया है ?

मैनेजिंग एजेंसी की प्रणाली को खत्म इसलिए किया गया, कम से कम मैंने विधेयक इसी दृष्टि से रक्खा था कि निजी क्षेत्र में सामन्तवाद का, परिवारवाद का जो असर है वह खत्म हो और जिन को तकनीकी ज्ञान है, बिजनेस का ज्ञान है, ऐसे नए नए लोगों को काम में लिया जाय, प्रोफेशनल मैनेजमेंट का विकास किया जाय । लेकिन क्या मंत्री महोदय कह सकते हैं कि मैनेजिंग एजेन्सी प्रणाली को खत्म करने के बाद रत्ती भर भी

परिवर्तन हुआ है ? मैंने 8, 10 कम्पनियों के बारे में मन्त्री महोदय को चिट्ठियाँ लिखी हैं और उन से पता चलेगा कि जिन लोगों के हाथ में मैनेजिंग एजेन्सी थी उन्हीं लोगों को और उन के ही रिश्तेदारों को होल टाइम मैनेजिंग डायरैक्टर बनाया गया है। उस में जरा भी परिवर्तन नहीं आया। इस मंत्रालय के द्वारा जो सम्पूर्ण समय दे कर काम करने वाले मैनेजिंग डायरैक्टर आदि लोग हैं उन को कितनी तनख्वाह दी जाय, उस के बारे में इन्हों ने एक परिपत्र जारी किया है। इस परिपत्र का इस्तेमाल कम्पनियों के द्वारा शेयरहोल्डर्स को और उपभोक्तओं को लूटने के लिये किया गया है। इस परिपत्र के बारे में मैंने छ. सुझाव इन के पास भेजे हैं, जिन की संक्षेप में मैं चर्चा करना चाहता हूं। सब से पहले मैं चाहूंगा कि पाँच साल के लिये इन मैनेजिंग डायरैक्टरों की नियुक्ति न हो, तीन साल के लिये हो। जैसे अन्य डायरैक्टर्स हैं उन के साथ यह भी बदल जायें। साथ साथ एक दो जगह मैंने ऐसा देखा है कि एक जगह पर होल टाइम मैनेजिंग डायरेक्टर उसी को नियुक्त किया जाता है जो किसी एक दूसरी कम्पनी में पार्ट टाइम मैनेजिंग डायरेक्टर है। ऐसा गोकाक औ—आई० वी० पी०के बारे में मैंने लिखा है, लेकिन उस के बारे में मंत्रालय सो रहा है, कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है।

इसी तरह उन लोगों को सुविधायें क्या मिलें इस के बारे में एक सीमा लगाई गई है, लेकिन एक एक सुविधा के बारे में अलग अलग सीमायें नहीं लगाई। नतीजा यह हुआ है कि एक कम्पनी से वह मोटर कार अलाउंस लेंगे, एक कम्पनी से दूसरा अलाउंस लेंगे और दूसरी कम्पनियों से दूसरी सुविधायें लेंगे। इसके बारे में मंत्री महोदय को सोचना चाहिये।

जो पुराने करारनामे हैं उनके बारे में भी मैंने मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित किया है और मैंने सुझाव दिया है कि पुराने सभी करारनामों को खत्म किया जाय और जो सुझाव मैंने दिया है या तो उसके आधार पर उनको नये सिरे से बनाया जाय या अगर वे मेरे सुझाव को मानने के लिए तैयार नहीं हैं तो कम से कम जो यह परिपत्र है उसके अनुसार उन में संशोधन करने का काम हम करें।

साथही साथ मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि नये नये लोगों को इन बड़े पदों पर पहुँचाने के खिलाफ मंत्री महोदय क्या कार्यवाई कर रहे हैं। आज कुछ लोगों ने सट्टा खेल कर चोरी करके, भ्रष्टाचारकरके कुछ कम्पनियों पर कब्जा किया है, जैसे कापड़िया के बारे में कुछ अर्से से मैं लिख रहा हूँ, उन की मैनेजिंग एजेंसी खत्म करने के लिए आप क्या कर रहे हैं ? बम्बई सुबरबन एलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी है, अहमदाबाद की कम्पनी है, सूरत की कम्पनी है, उनमें एक परिवार के रिश्तेदारों को होल टाइम डायरेक्टर नियुक्त करने का सुझाव आ रहा है। मैं जानना चाहता हूँ कि इसके बारे में आप क्या कर रहे हैं। इस मंत्रालय में जो चापलूसी करेगा, खुशामद करेगा या जो बड़े लोगों के रिश्तेदार होंगे उनके बारे में कभी कड़ी कार्रवाई नहीं होगी। मेरा ख्याल है कि मुझ से पहले श्री बाबू राव पटेल ने प्रधान मंत्री जी के लड़के को मोटर गाड़ी की पैदावार का लाइसेन्स देने के बारे में पूछा था। मैं आज मंत्री महोदय से एक ठोस सवाल पूछना चाहता हूँ। हम लोगों ने सुना है कि प्रधान मंत्री के लड़के ने एक गाड़ी का माडेल तैयार किया है जिस का इस्तेमाल भी हो रहा है। क्या इस गाड़ी के ऊपर एक्साइज ड्यूटी आदि जो कर हैं वह दिये गये हैं ? अगर नहीं दिये गये हैं तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है ? जब पूँजीपतियों के परिवार इस तरह की कार्रवाई करते हैं तो हम लोग चिल्लाते हैं, लेकिन प्रधान मंत्री के लड़के के बारे में क्या इस मंत्रालय में या वित्त मंत्रालय में कार्रवाई करने की कोई हिम्मत है ? अगर नहीं है तो साफ साफ कह दीजिये कि हमारा समाजवाद और शुद्ध शासन सारा ढोंग है और हम को मनमाने ढंग से काम चलाना है।

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI (Krishnagar) : If it is a good model, what is the harm ?

श्री मधु लिमये : क्या एक्साइज ड्यूटी की चोरी करना अच्छा है ? मैं इस बारे में खामखवाह आप से वाद-विवाद नहीं करना चाहता।

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor) : If the model car is used, they must pay the excise duty and other taxes.

श्री मधु लिमये : अब आप बड़ौदा रेयन के मामले को लीजिये । उस ने ऐसी सब की तनख्वाहें और सुविधायें निश्चित की हैं कि आप दंग रह जायेंगे । मिनिमम रेम्यूनरेशन निश्चित करते समय उन्होंने कहा है कि मुनाफा हो या घाटा हो, उनको जो रेम्यूनरेशन मिलने वाला है उस में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्या कम्पनी मंत्रालय इसको भी मान्यता देने वाला है ? मुझे डर है कि चूंकि एक मन्त्री का लड़का इस कम्पनी में होल टाइम मैनेजिंग डायरेक्टर है इस लिए श्री फखरुद्दीन अली अहमद की हिम्मत नहीं पड़ेगी कि इस कम्पनी के खिलाफ कोई कार्यवाई करें । उन के मंत्रिमंडल के मिनिस्टर का लड़का उसमें होल-टाइमर है।

आज ही कलकत्ते से मेरे पास चिट्ठी आई है जिस में ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कम्पनी के बारे में कहा गया है। उस में तीन तीन लोगों को एक तिहाई प्रतिशत कमिशन देने का नया प्रस्ताव आया है। इस ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कम्पनी में भी एक बड़े नये समाजवादी का कोई रिश्तेदार काम करता है। नया समाजवादी है वह । उससे मास्को में मेरी मुलाकात हुई थी । मैंने पूछा था कि तुम कहाँ जा रहे हो, मैं तो लेनिनग्राड जा रहा हूँ क्योंकि वह रशियन क्रान्ति का केन्द्र था । उन्होंने कहा कि मैं स्टालिनग्राड जा रहा हूँ । मैंने कहा बात बिल्कुल साफ है । तुम नये समाजवादी हो, मैं पुराना समाजवादी हूँ।

ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कारपोरेशन के बारे में अभी मुझे चिट्ठी आई है और तीन तीन लोगों को इतनी ज्यादा सुविधायें और तनख्वाहें दी गई हैं और उसके साथ साथ यह कमीशन वाला मामला है।

17 hrs.

एक माननीय सदस्य : नाम बताइये ।

श्री मधु लिमये : केशव देव मालवीय नये समाजवादी और बड़ौदा रेयन के बारे में भी जानना चाहते हैं तो श्री के० के० शाह का लड़का है। आप मजबूर करते हैं नाम लेने के लिए।

मैं एक एक वाक्य मैं सुद्दे रखता हूँ। असल में बात यह है कि आज निजी क्षेत्र यानी कम्पनी सैक्टर परिवारवाद और सामन्तवाद से चौपट हो रहा है और जो सार्वजनिक क्षेत्र है उसके ऊपर यह सर्वसाधारण प्रशासक, जनरल एडमिनिस्ट्रेटर, आई० सी०एस०और आई०ए०एस०हावी हो गया है और कहीं भी निपुणता, विशेष गुण के आधार पर आगे बढ़ने का नौजवानों को मौका नहीं मिल रहा है इस लिए निजी क्षेत्र से भी कुछ नहीं निकल रहा है और सार्वजनिक क्षेत्र से भी कुछ नहीं निकल रहा है।

दो तीन सवाल उठाये गये हैं। वित्तीय संस्थाओं के द्वारा जो कर्जा दिया जाता था उसको इक्विटी में परिवर्तित करने के बारे में कई बार सवाल पूछे गए हैं। क्या मंत्री महोदय ने इसके बारे में कोई ठोस नीति अपनाई है।

दस दस करोड़ जो इस्को और टिस्को को दिया गया है वह मामला भी बहुत पुराना मामला है। उसके बारे में भी यहाँ पर बहस छेड़ी गई थी और सरकार को बताया गया था कि कानून में अधिकार होते हुए भी सरकार की हिम्मत नहीं है कि बड़ी कम्पनियों के खिलाफ अपने अधिकार को इस्तेमाल करे। इसलिए वित्तीय संस्थाओं के द्वारा जो कर्ज दिया जाता है उसको इक्विटी में परिवर्तित करने के बारे में आपकी जो नीति है उसका आप यहां एलान करें।

अल्पसंख्यक शेअरहोल्डर्स को बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में प्रतिनिधित्व मिले, इसके बारे में भी सरकार के द्वारा अभी तक कोई ठोस सुझाव नहीं आया है। अगर सरकार स्वयं बिल लाने के लिए तैयार नहीं है तो कम से कम निजी सदस्यों के जो बिल हैं, उनके बारे में तो सरकार को सोचना चाहिये।

मैनेजिंग एजेंसी खत्म होने के बाद हमने इनको चेतावनी दी थी कि सोल डिस्ट्रीब्यूटरशिप

के नाम पर भी वही काम किया जाएगा। सिंथेटिक के बारे में हमने पहले सवाल उठाया था। अब उसी प्रणाली को तकरीबन दूसरी कम्पनियां भी अपनाने लगी हैं। इसलिए सोल डिस्ट्रीब्यूटरशिप के बारे में भी सरकार जल्दी कोई कानून बनाए और कोई पाबन्दी लगाए। ऐसा नहीं किया गया तो मैनेजिंग एजंसी को खत्म करने के जो अच्छे नतीजे निकलने चाहिये थे, वे भी नहीं निकलेंगे।

समय अधिक नहीं इसलिए एक बात की ओर मैं आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। जो इनकी लाइसेंसिंग की नीति है, इससे न उद्योगों में स्पर्धा उत्पन्न हो रही है, न पैदावार बढ़ाने का मौका मिल रहा है, बल्कि जो खुशामद करेंगे, जो चापलूसी करेंगे, जो इनको चन्दा देंगे उन्हीं इने गिने लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मोदीनगर के गूजर मल मोदी को पद्म विभूषण वगैरह से इन लोगों ने विभूषित किया था। इतना ही नहीं। अभी मोदीनगर इनक्वायरी कमेटी की रिपोर्ट मैं पढ़ रहा था। उस रिपोर्ट में साफ लिखा है कि केन्द्रीय सरकार और उत्तर प्रदेश की राजयीय सरकार के आशीर्वाद से नतीजा यह हुआ है कि मोदीनगर में जब कभी श्रमिकों के बीच में और व्यवस्थापकों के बीच में संघर्ष हुआ है, कभी भी ट्रिब्यूनल को मामला नहीं भेजा गया है हालांकि सरकार को ऐसा करने का अधिकार है। यह आप इसलिए कर रहे हैं कि मोदीनगर के सेठों के द्वारा राजयीय सरकार के नेताओं को और आप लोगों को भी मदद मिलती रहे। अगर ज्यादा मुझको छेड़ेंगे तो इन्दिरा गांधी जी के नाम से भी जो चैक वगैरह दिये गये हैं, उसकी जानकारी भी यथा अवकाश हम सदन के सामने दे देंगे और उसको भी हम देने वाले हैं।

श्री शशि भूषण (खारगोन): चन्द्र भान गुप्त जी से पूछिये।

श्री मधु लिमये: उनसे हमारा क्या रिश्ता। मैंने तो कहा है उत्तर प्रदेश की राजयीय सरकार, चाहे चरण सिंह की हो या चन्द्र भान गुप्त जी की। मुझे कोई मतलब नहीं है। एक दफा दोनों एक साथ थे।

श्री मु० अ० खाँ (कासगंज): पैम्फ्लैट केस में इन्होंने एक चिट्ठी प्राइम मिनिस्टर को लिखी थी जिसका जवाब प्राइम मिनिस्टर ने इन्हें दिया था। गिरि केस में इन्होंने उस चिट्ठी को सिंडीकेट को दे दिया है और इसको अदालत में पेश किया गया है।

* *

श्री मधु लिमये: सभापति महोदय, इनको इसे वापिस लेने के लिए कहें, वर्ना इसके बारे में प्रिवलेजिज कमेटी में कार्रवाई करूंगा।

श्री मु० अ० खाँ: आप भी अपने अलफाज वापिस लें।

श्री मधु लिमये: क्यों ? उसे मैं साबित करने वाला हूं। आप भी करेंगे ?

श्री मु० अ० खाँ: करूंगा।

श्री मधु लिमये: इन्होंने चुनौती को स्वीकार किया है। मामला प्रिवलेजिज कमेटी में भेजा जाए। ये साबित न करें तो इनको इस सदन से निकाल दिया जाए।

श्री मु० अ० खाँ: इनको भी इस सदन से निकाल दिया जाए।

श्री मधु लिमये: बिल्कुल ठीक है।

श्री मु० अ० खाँ: प्राइम मिनिस्टर का खत नहीं दिया ?

श्री मधु लिमये: चोरी से नहीं लिखा है। प्राइम मिनिस्टर के काम की वजह से हमारे जीते हुए उम्मीदवार का चुनाव खतरे में पड़ गया है।

सभापति महोदय, मुझे व्यक्तिगत स्पष्टीकरण का मौका दीजिए। प्रधान मंत्री के कारनामों से हमारे द्वारा जिस उम्मीदवार का समर्थन किया गया था, और जो जीत गया था, उसका चुनाव

**Expunged as ordered by the Chair—*vide* col 232.

[श्री मधु लिमये]

आज खतरे में पड़ गया है। इस खतरे से बचने के लिए मैंने इलैक्शन कमिश्नर को एक पत्र लिखा था और प्रधान मंत्री को भी एक पत्र लिखा था, (व्यवधान) लेकिन प्रधान मंत्री ने मेरे पत्र के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की और उन्होंने गिरि साहब के चुनाव को खतरे में डाला है। (व्यवधान)

श्री जनेश्वर मिश्र (फूलपुर): यह उस प्रधान मंत्री की बात कर रहे हैं, जो मिंक कोट और हीरों का हार लेकर समाजवाद की चर्चा कर रही हैं।

श्री मधु लिमये: सभापति महोदय, आप इसके बारे में खुलासा कीजिए। मैं माननीय सदस्य को चुनौती दे रहा हूं। वह मेरी चुनौती को स्वीकार करें। अगर वह इसके लिए तैयार नहीं हैं, तो वे अपने शब्द वापिस ले लें। या आप उन शब्दों को एक्सपंज कर दें, कार्यवाही से निकाल दें। (व्यवधान)

श्री मु० अ० खां: इन्होंने भी तो पैसा लेने की बात कही है। (व्यवधान)

श्री मधु लिमये: मैं तो राजनैतिक चन्दे की बात कर रहा था। या तो वह अपने रिमार्क को वापिस ले लें...

श्री मु० अ० खां: हरगिज नहीं।

श्री मधु लिमये: ..या आप इस मामले को प्रिविलेजिज कमेटी को भेजिये।

सभापति महोदय: आप उसके लिए कार्यवाही करें।

श्री मधु लिमये: यह सब कुछ आपके सामने हुआ है। आप उस रिमार्क को एक्सपंज कर दीजिए। वह नोटिस दे कर कहें। हम भी जवाब देंगे। इस बारे में कोई ठोस निर्णय होना चाहिए।

श्री रवि राय (पुरी): सभापति महोदय, आप को इस बारे में निर्णय देना चाहिए।

श्री मधु लिमये: आप इस को एक्सपंज करवा दीजिए। बाद में वह नोटिस दे कर कहें। हम को एतराज नहीं है। (व्यवधान)

सभापति महोदय: व्यक्तिगत आरोप लगाना उचित नहीं है। (व्यवधान)

श्री मधु लिमये: मैं राजनैतिक चन्दे के बारे में बोल रहा हूं।

सभापति महोदय: वह रिकार्ड पर नहीं रहेगा। आप कनक्लूड कीजिए।

श्री मु० अ० खां: सभापति महोदय, आप उनकी कही हुई बात भी एक्सपंज कर दीजिए। उन्होंने भी कोई सुबूत पेश नहीं किया है। इन्साफ की बात यह है कि वह भी एक्सपंज होना चाहिए। अगर उनका रिमार्क रिकार्ड पर रहेगा, तो मेरा रिमार्क भी रहेगा।

सभापति महोदय: श्री नागेश्वर द्विवेदी।

श्री मु० अ० खां: सभापति महोदय, दोनों रिमार्क एक्सपंज होंगे न ?

सभापति महोदय: वह भी देख लेंगे।

श्री मु० अ० खां: तो फिर मेरा पाइंट आफ आर्डर है।

सभापति महोदय: मैंने कहा है कि वह भी देख लेंगे। श्री नागेश्वर द्विवेदी।

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछली शहर): सभापति महोदय, मैं औद्योगिक विकास मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बात सत्य है कि आजादी के पश्चात् इन तेइस वर्षों में देश में बड़े-बड़े उद्योग-धंधों की बहुत व्यापक पैमाने पर स्थापना हुई है और उन में अच्छी सफलता मिली है और उसके लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

हमारे देश में आजादी के पहले औद्योगिक दृष्टि से देश की हालत यह थी कि बड़े बड़े कल कारखानों की बात कौन कहे, सुई और बटन तक बाहर से आते थे। लेकिन आज औद्योगिक दृष्टि से हमारा देश बहुत आगे बढ़ा है। बहुत इस

दिशा में काम हुआ है। मैं उसके ब्यौरे में जाकर अधिक समय नहीं लेना चाहता हूं। लेकिन जो कुछ हुआ है उसी से हम को संतोष नहीं करना है। एक समय था जब हमारे देश में बने हुए औद्योगिक मालों से दुनिया के बाजार पटे हुए थे लेकिन आज दुनिया के बाजार और देशों के माल से तो पटे ही हैं, हमारे देश में दुनिया के दूसरे देशों से माल कुछ तो मंगाया जाता है और कुछ चोरी छिपे आकर भरा पड़ा हुआ है। हमें अपनी आवश्यकता के लिए उन सामानों के निर्माण की दिशा में जो गांव गांव में उद्योग-धन्धे बिखरे हुए थे जिनके द्वारा उन मालों को तैयार करके काम चलता था, उन नये साधनों के द्वारा या पुराने जो साधन हैं उनमें सुधार ला करके व्यापक पैमाने पर तैयार करवाना चाहिए जिससे देश की जरूरत पूरी हो सके। जो उद्योग धन्धे अभी तक खड़े किए गए हैं वह बड़े-बड़े शहरों के सन्निकट या बड़े-बड़े शहरों में तैयार किए गए हैं। आज गांव इस मामले में बहुत दूर पड़ गए हैं। एक तरफ जहां खेती की उपेक्षा की गई, इस दृष्टि से गांव पिछड़े रह गए वहां औद्योगिक दृष्टि से भी उनकी उपेक्षा की गई और आज गांव एकदम कटे हुए हैं, यद्यपि देश की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा गांवों में बिखरा हुआ है। यह उद्योग धन्धे गांवों में तभी पनप सकते हैं, जब वहां बिजली पहुंचाई जाय। बिना बिजली के आज किसी उद्योग धन्धे का पनप पाना और बड़े कारखानों के मुकाबिले में ठहर पाना मुश्किल है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उन गांवों में जहां पर इस तरह के उद्योग-धन्धे चाहे पुराने हों चाहे नई संभावना वाले हों वह अधिक से अधिक खड़े किए जायं। उसके लिए जब तक बिजली वहां नहीं पहुंचती है तब तक काम ठिकाने से नहीं हो सकता। यही नहीं अगर गांवों को ऊपर उठाना है, उनका विकास करना है, जिनके विकास के बिना देश का विकास अधूरा है, तो वहां पर यातायात के साधन ले जाने होंगे। उन गांवों को पक्की सड़कों से, रेलवे से जोड़ना होगा, तभी यह उद्योग धन्धे वहां पनप पाएंगे और तभी जो गांवों के लोग बड़ी तेजी से शहरों की तरफ चले आ रहे हैं अपनी रोजी की तलाश में वह वहां रुक सकेंगे और जो इतनी बड़ी भीड़ शहरों की तरफ चली आ रही है उस समस्या का समाधान भी हो सकेगा। इसलिए इस बात पर मैं जोर देना चाहता हूं कि छोटे-छोटे धन्धों का विकेन्द्रीकरण किया जाय। उनको छोटे छोटे कस्बों में गांवों में जहां आसानी से कच्चा माल मिल सकता है या जहां आसानी से कच्चा माल पहुंच सकता है वहां लगाया जाय। जहां मजदूरों की सुविधा है, काम करने वाले आसानी से मिल सकते हैं वहां इन उद्योग धन्धों को पहुंचाया जाना चाहिए। हम देख रहे हैं कि पिछली जो योजनाएं बनीं उसमें जैसे खेती की उपेक्षा की गई और उसका दुष्परिणाम हमको भोगना पड़ा कि अरबों रुपये का गल्ला प्रति वर्ष हमको मंगाना पड़ रहा है और अब सरकार का ध्यान गया है अन्न के उत्पादन की तरफ, खेती के विकास की तरफ, उसी तरह से जो पिछली योजनाएं बनीं, उसमें छोटे-छोटे उद्योग धन्धों की तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया। अगर छोटे-छोटे उद्योग धन्धों की तरफ सरकार का ध्यान गया होता तो जो देश में इतनी भीषण बेकारी की समस्या उत्पन्न हुई है वह शायद इस तरह न आती। महात्मा गांधी जिनके नेतृत्व में देश को आजादी मिली, जिनके नेतृत्व में देश ने बिना खून बहाए, अहिंसात्मक ढंग से आजादी प्राप्त की और दुनिया में एक मिसाल कायम की, उन्होंने देश के आर्थिक विकास के लिए एक साधन के रूप में ग्रामोद्योगों को प्रमुख स्थान देने की तरफ ध्यान दिलाया था और उसी के लिए उन्होंने स्वराज्य के साथ साथ उद्योग धन्धों को प्रमुख स्थान पर रखा था। लेकिन आजादी के बाद हम लोग गलतफहमी में पड़ गए। उसका नतीजा यह हुआ कि खादी ग्रामोद्योग जैसी चीज जिस पर बड़ा बल दे कर उसे गांव गांव में बिखेर देना चाहिए था, जिसके लिए पूरी शक्ति लगानी चाहिए थी, उसकी तरफ जितना ध्यान देना चाहिए था

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

वह नहीं दिया गया। उसका काम यद्यपि आज भी सराहनीय है, जितने बेकार लोगों को, ऐसे लोगों को जिनको कोई काम नहीं दिया जा सकता, जो अनाथ हैं, निर्बल हैं, उनको जितना काम वह देता है, उतना दूसरा कोई कल कारखाना नहीं देता है। लेकिन जितना उस पर पैसा लगना चाहिये, सरकार नहीं लगा रही है, उस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं चाहता हूं कि उस को अधिक से अधिक रुपया दे कर इन उद्योग धन्धों को जो ग्रामों में बिखरे हुए हैं और जो आज अपनी मौत मर रहे हैं, उनको ताकत दें, शक्ति दें और उनको उठायें। जब तक गांवों के इन उद्योग-धन्धों को नहीं बढ़ाया जाता है, तब तक देश का विकास, देश की आजादी अधूरी रह जाती है। इस लिये मैं चाहूंगा कि ग्रामीण उद्योग धन्धों पर अधिक से अधिक ध्यान दे कर, उनके कामों के लिये अधिक से अधिक सहूलियतें पैदा करके, उनकी कठिनाइयों को दूर करके, उनको विकसित होने का अवसर दें। आशा है माननीय मंत्री महोदय इसमें सहयोग देंगे।

कुछ पश्चिमी जिलों को छोड़ कर उत्तर प्रदेश का सारा हिस्सा आज गरीबी से पीड़ित है। वहां पर कोई भी छोटे उद्योग धन्धे नहीं खोले गये, जिसका नतीजा यह है कि लोग अपनी छोटी-छोटी खेती से किसी तरह से अपना जीवन काट रहे हैं। वहां के लोगों की सन्तोषी मनोवृत्ति है, वे झगड़ा नहीं करना चाहते हैं, यद्यपि जब जब समय आया है, तब तक उन्होंने अपनी बुद्धि और शक्ति का प्रदर्शन किया है – चाहे 1957 का गदर हो, चाहे 1942 का आन्दोलन हो, चाहे स्वतन्त्रता संग्राम की लड़ाई हो, वे हमेशा आगे रहे हैं, लेकिन दुख यह है कि सारे देश का विकास हो रहा है, लेकिन वह क्षेत्र आज भी पिछड़ा पड़ा हुआ है। वहां के लोग बड़े धैर्य के साथ सरकार की तरफ निगाह लगाये हुए हैं, लेकिन सरकार का ध्यान उनकी तरफ नहीं जा रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि वहां पर बिजली का साधन अधिक से अधिक दिया जाय, छोटे-छोटे उद्योग धन्धे वहां पर पनपाये जायं। किसी समय वहां के उद्योग धन्धे देश में अपना स्थान रखते थे, लेकिन आज वह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। मैं चाहता हूं कि सरकार उनकी तरफ ध्यान दे और उनके लिये पर्याप्त साधन जुटाये, जिससे वहां के लोग अपनी जीविका कमा कर अपना जीवन अच्छी तरह से निर्वाह कर सकें।

इन शब्दों के साथ मैं इस मांग का समर्थन करता हूं।

श्रीमती जयाबेन शाह (अमरेली): सभापति महोदय, यहां पर बहुत सी ऐसी बातें कही गई हैं, जिनको मैं सपोर्ट करना चाहती हूं, लेकिन सबसे पहले मैं एक खास बात की तरफ आपका ध्यान खींचना चाहती हूं। हमारी सब पार्टीज या ज्यादातर पार्टीज देश में सोशलिज्म की बातें कर रही हैं, मुझे इससे बहुत खुशी है। चाहे हमारे मधु लिमये जी का सोशलिज्म हो या फखरुद्दीन साहब का सोशलिज्म हो, चाहे किसी का भी सोशलिज्म हो, लेकिन मैं एक सवाल उन से पूछना चाहती हूं – सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस समय देश में 17 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनको आज पूरा खाना भी नहीं मिलता है। 5 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनको पूरा काम नहीं

17·18 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मिलता है, जो बेकार हैं और इनमें से 15 परसेन्ट ऐसे हैं जो एजूकेटेड अनएम्पलायेड हैं। मैं अपने समाजवादी मित्रों से पूछना चाहती हूं – यदि इसी तरह से चलता रहा, तो क्या आप 5-10 सालों में इन को काम दे सकेंगे? उपाध्यक्ष महोदय, मैं नीड-बेस्ड वेजेज भी नहीं मांगती, मिनीमम वेज भी नहीं मांगती, मैं सिर्फ इतना मांगती हूं कि हमारे देश में भारतवासियों को सिर्फ राइट-टु-वर्क दे दें। अगर आप इतना कर दें तो इस देश की जनता को अवश्य महसूस होगा कि देश में सोशलिज्म आ गया है। लेकिन यह कैसे हो सकता है? स्लोगन से नहीं हो सकता है, बड़े बड़े लोगों

को क्रिटिसाइज करने से नहीं हो सकता है, इसके लिये आप को बड़े बड़े ठोस कदम उठाने होंगे। आज हमारे देश में जो तरीका पिछले 20 सालों से चला आ रहा है – मैं आप को याद दिलाना चाहती हूं, 1963 में यहां पर पं० जवाहर लाल नेहरू ने इतने सालों की प्रोग्रेस और प्लानिंग के बाद क्या बताया था ? उन्होंने कहा था जिस तरह से हम आज तक चलते आ रहे हैं, अगर इसी तरह से चलते रहेंगे तो हमारे देश का भविष्य और हमारे देश की रोजी-रोटी का सवाल हम कभी हल नहीं कर पायेंगे।

तो मैं जानना चाहती हूं कि आज की जो स्थिति है उसको मद्देनजर रखते हुए अगली प्लानिंग में स्माल स्केल इंडस्ट्री, प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज और खास कर के खादी ऐन्ड विलेज इन्डस्ट्रीज के बारे में कितनी मदद देना चाहते हैं उसको डिसेन्ट्रलाइज करके ताकि अधिकांश लोग जोकि देहातों में रहते हैं उनको काम मिल सके—यह हमारा सबसे बड़ा टेस्ट है। हम सोशलिस्ट हैं इसलिए यह हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है कि सोशलिज्म की बात हम देहातों में उन लोगों के घरों तक ले जायं वरना फिर प्लानिंग में रखा ही क्या है ? मैं एक छोटी सी बात करूं कि जहां तक खादी ऐंड विलेज इंडस्ट्रीज की बात है उसके खिलाफ एक ऐन्टी ग्रुप चलता है और यह कोई नयी बात नहीं है। गांधी जी ने जो कहा था उसको छोड़ दीजिए क्योंकि हो सकता है किसी को उन पर श्रद्धा हो या न हो लेकिन तामिलनाडू में जो डी० एम०के० की सरकार है उसने सोचा कि गांधी जी का प्रोग्राम छोड़ दो क्योंकि वह पुरानी बातें हैं लेकिन जब उन्होंने देखा कि अगर उन बातों को डिस्कार्ड करते हैं तो बहुत से लोग बेकार हो जायेंगे तो फिर उन्होंने उस काम को आगे बढ़ाया। इसीलिए मैं जानना चाहती हूं कि क्या हमारी प्लानिंग में कोई ऐसा स्थान है जिससे कि हमारी जो हैंडलूम इंडस्ट्री है, स्माल स्केल इंडस्ट्री है या खादी ऐंड विलेज इंडस्ट्री है उसकी तरफ ज्यादा जोर लगे ? मुझे पता है कि प्लानिंग कमीशन इन बातों में थोड़ा हेसिटेट करता है लेकिन मैं जानना चाहती हूं कि प्लानिंग कमीशन क्या कोई सुपर सरकार है ? अगर हमें देश में सोशलिज्म को लाना है तो फिर जितनी ही तेजी से हम उसको लागू करें उतना ही अच्छा है। मैं समझती हूं कि हमारे देश में खादी का अलग सेक्टर बना दें तभी हो सकता है वरना बड़ी इंडस्ट्रीज में तो दस हजार रुपया लगाने पर कहीं एक आदमी को काम मिलता है फिर बड़ी इंडस्ट्री लगाने से कोई जादू नहीं हो सकता है। इस देश के लोगों को काम देने के लिए सोशलिज्म लाना है और गरीबी को दूर करना है। आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से इस देश में 17 करोड़ अन्डर एम्पलायमेन्ट है तो उनका क्या भविष्य होगा ? तो इसके लिए क्या आप कोई रिजर्वेशन आफ प्रोडक्शन करना चाहते हैं या नहीं ? आप खादी ऐंड विलेज इन्डस्ट्री, हैंडलूम और एग्रीकल्चरल प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज को पैसा दें और पूरी पूरी सपोर्ट दें—मैं इसकी मांग कर रही हूं।

17·23 hrs.

STATEMENT RE : CONDITION OF M. PS INJURED IN THE POLICE LATHI CHARGE IN DELHI ON 6TH APRIL, 1970

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Mr. Deputy-Speaker, I have ascertained the present condition of Shri Raj Narain and Shri George Fernandes from the All India Institute of Medical Sciences.

Shri Raj Narain was transferred to the Medical Institute Hospital on 8 April from the Safdarjung Hospital. He had sustained a fracture on the left foot. The leg below the knee has been put in plaster. A rubber heel has been fixed on the plaster and Shri Raj Narain is being encouraged to walk with the aid of a walking stick. His general progress is reported to be satisfactory.

Shri George Fernandes was admitted to the Institute Hospital on 14 April. He is being given symptomatic treatment and general investigations are also being made.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : When Shri George Fernandes was admitted to the Willingdon Nursing Home, we all saw him. At that time, as a layman—I am not a doctor nor a compounder I saw that he was very badly